महत्वपूर्ण एवं खास

मोटी रकम लेकर भेजा घटिया माल, धोखाधड़ी का मामला दर्ज

रायगढ़। श्री अग्रसेन मार्ग पुलिस लाईन सारंगढ राहुल अग्रवाल पिता पद्म अग्रवाल द्वारा दिनांक 29.09.2018 को लक्की फायर वर्क्स ,10 sv road,opp.malad shopping center malad(west) mumbai के साथ व्यवसायिक संबंधो के आधार पर फटाका क्रय हेतु आर्डर दिया था लक्की फायर वर्क्स द्वारा राहुल अग्रवाल को मैनुफेक्चरिंग वर्क के संबंध में बैंक ऑफ बड़ौदा के खाता में अग्रिम रकम जमा करने के लिये कहा गया। जिस पर राहुल अग्रवाल द्वारा कुल योग 1,06,980/- रूपये उनके खाते में डिपोजिट किया किन्तु लक्की फायर वर्क्स द्वारा छल कपट कर भेजे गये आर्डर के स्थान पर कार्टूनों मे हल्के किस्म का बिस्कुट भेजकर धोखाधड़ी किया । घटना के संबंध में थाना सारंगढ़ में लक्की फायर वर्क्स के विरूद्ध अप.क्र. 89/19 धारा 420 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है ।

जनरल स्टोर में अवैध रूप से ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) बेचने परकार्यवाही

रायगढ़। यातायात जागरूकता अभियान दौरान थाना प्रभारी भूपदेवपुर निरीक्षक चमन सिन्हा, सहायक उप निरीक्षक चंदन सिंह नेताम व हमराह स्टाफ शासकीय स्कूल नहरपाली मोनेट नवोदय विद्यालय, हायर सेकेण्डरी मुरा गये हुये थे । इसी दौरान ग्राम कछार में शिश कुमार निषाद उम्र 33 वर्ष तथा मकुन्दो निषाद उम्र 45 वर्ष अपने स्वंय के किराना जनरल स्टोर में अवैध रूप से असुरक्षित अवस्था में ज्वलनशील पदार्थ (पेट्रोल) रखकर बिक्री करते पाये गये , जिनके विरूद्ध थाना भूपदेवपुर में क्रमशः अप.क्र. 27, 28/19 धारा 289 ता.हि. की कार्यवाही किया गया है ।

स्व साहायता समूह के दुकान से राशन की चोरी

रायगढ़। ग्राम पुसल्दा थाना छाल निवासी श्रीमती मेघा महंत उम्र 35 वर्ष पति अशोक दास महंत उम्र 42 वर्ष प्रेरणा स्व. सहायता समूह पुसल्दा की अध्यक्ष है । श्रीमती मेघा महंत द्वारा दिनांक 31.01.19 को थाना छाल में रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि शासकीय उचित मुल्य की दुकान ग्राम पुसल्दा का भवन में पानी से सोसायटी का सामग्री भीगने पर दुकान के सामान को सामुदायिक भवन पुसल्दा में रख कर वितरण करते हैं । दिनांक 30-31.01.2019 के दरम्यानी रात कोई अज्ञात चोर दुकान का बंद दरवाजा को खोलकर दुकान से चावल 16 क्वि., शक्कर 5.15 क्वि., चना 11.90 क्वि. जुमला रकम 15305/रूपये को चोरी कर ले गया है । चोरी के रिपोर्ट पर अज्ञात आरोपी के विरूद्ध अप.क्र. 25/19 धारा 457, 380 ता.हि. पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया ।

जुआ खेलते तीन जुआरी गिरफ्तार

रायगढ़। पुलिस चौकी जुटमिल में पदस्थ उप निरीक्षक थानुराम नायक व हमराह स्टाफ द्वारा दिनांक 02.02.19 को टाउन पेट्रोलिंग दौरान मुखबिर सूचना पर मिट्ठुमुडा के पास जुआ खेल रहे व्यक्तियों को घेराबंदी कर पकडे , मौके में (1) सुनेश्वर प्रसाद महतो पिता अर्जन प्रसाद महतो उम 34 वर्ष सा0 जूटमिल सामने गली रायगढ (2) बजरंग सारथी पिता स्व0 विजय सारथी उम्र 36 वर्ष सा0 मिट्ठुमुडा सारथी मोहल्ला चौकी जूटमिल रायगढ (3) राजू मिंज पिता पीनो मिंज उम्र 36 वर्ष सा0 देवारपारा सोनूमुडा चौकी जुटमिल रायगढ जुआ खेलते पकडे गये जिनके फड से जुमला 1860 रूपये जप्त किया गया है। आरोपियों के विरूद्ध चौकी जूटमिल (कोतवाली) में अप.क्र. 91/19 धारा 13 जुआ एक्ट की कार्यवाही की गई है।

बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंडो में आवश्यक रखरखाव कार्य होने के कारण गाडियों का परिचालन प्रभावित

रायपुर। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे के बिलासपुर-रायपुर एवं दुर्ग-गोंदिया-कलमना रेल खंडो के बीच में डाउन, मिडिल एवं अप रेल लाइनों पर मशीन के द्वारा आवश्यक रखरखाव कार्य दिनांक 02 से 25 फरवरी, 2019 तक अलग-अलग तिथियों में किया जायेगा।

इस कार्य के फलस्वरुप कुछ गाडियों को पूर्ननिर्धारित समय पर विलंब से रवाना की जाएगी, जिसकी जानकारी इस प्रकार है-

रदद होने वाली गाडियां-

क दिनांक 10 एवं 24 फरवरी, 2019 (रविवार) को बिलासपुर से छूटने वाली 68727 बिलासपुर-रायपुर मेमू रदद रहेगी।

क दिनांक 10 एवं 24 फरवरी, 2019 (रविवार) को रायपुर से छूटने वाली 68729 रायपुर-डोंगरगढ मेमू रदद रहेगी।

क दिनांक 11 एवं 25 फरवरी, 2019 (सोमवार) को डोंगरगढ से छूटने वाली 68730 डोंगरगढ-रायपुर मेमू रदद रहेगी।

विलंब से रवाना होने वाली गाडियां-

दिनांक 10 एवं 24 फरवरी, 2019 (रविवार) को टाटानगर से छूटने वाली 58111 टाटानगर-इतवारी पैसेंजर को टाटानगर से 04 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 10 एवं 24 फरवरी, 2019 (रविवार) को गेवरारोड से छूटने वाली 18239 गेवरारोड-इतवारी शिवनाथ एक्सप्रेस को गेवरारोड से 03.00 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 11 एवं 25 फरवरी, 2019 (सोमवार) को इतवारी से छूटने वाली 12856 इतवारी-बिलासपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस को इतवारी से 02.00 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 09 एवं 13 फरवरी, 2019 (शनिवार) को भगत की कोठी से छूटने वाली 18574 भगत की कोठी-विशाखापटनम एक्सप्रेस को भगत की कोठी से 04.00 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 10 एवं 24 फरवरी, 2019 (रविवार) को रायपुर से छूटने वाली 68725 रायपुर-दुर्ग मेमू रायपुर से 05.00 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 02 एवं 16 फरवरी, 2019 (शनिवार) को इतवारी से छूटने वाली 58112 इतवारी-टाटा पैसेंजर इतवारी से 04.00 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 01 एवं 15 फरवरी, 2019 (शुक्रवार) को गांधीधाम से छूटने चाली 12993 गांधीधाम -पूरी एक्सप्रेस 03 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 01 एवं 15 फरवरी, 2019 (शुक्रवार) को अजमेर से छूटने चाली 18422 अजेमर -पूरी एक्सप्रेस 03 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 02 एवं 16 फरवरी, 2019 (शनिवार) को इतवारी से छूटने चाली 18240 इतवारी-बिलासपुर एक्सप्रेस 01 घंटे विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 02 एवं 16 फरवरी, 2019 (शनिवार) को गोंदिया से छूटने चाली 68712 गोंदिया-डोगरगढ मेमू 04 घंटे 30 मिनट विलंब से रवाना होगी।

दिनांक 03 एवं 17 फरवरी, 2019 (रविवार) को कुर्ला से छूटने चाली 22885 कुर्ला-टाटा अंत्योदय एक्सप्रेस को नागपुर में 30 मिनट नियत्रित की जायेगी।

धारदार हथियार लहराकर लोगों को भयभीत कर रहा युवक गिरफ्तार

रायगढ़। आवेदक महाबीर सायर पिता विजय सिंह सायर निवासी भांठागांव द्वारा अनावेदक अश्वनी बंजारे के विरूद्ध थाना कोसीर में आवेदन दिया कि अश्वनी बंजारे लोहे कि गड़ासा लेकर सार्वजनिक जगह पर गड़ासा को लेकर लहरा कर आने जाने वाले लोगो को भयभीत कर रहा है। आवेदन की तस्दीकी के लिये थाना कोसीर में कार्यरत सहायक उप निरीक्षक लक्ष्मणपुरी गोस्वामी हमराह स्टाफ के साथ ग्राम भांठागांव पहुंचे तथा हमराह स्टाफ के साथ गवाहों के समक्ष ग्राम भांठागांव के आम जगह लहरे पारा के पास अश्वनी बंजारे को हाथ में लोहे के गड़ासा के साथ पकड़े । आरोपी अश्वनी बंजारे पिता साहबराम बंजारे उम्र 34 वर्ष निवासी भांठागांव थाना कोसीर के विरूद्ध अप.क्र. 17/19 धारा 25 आर्म्स एक्ट की कार्यवाही की गई है।

विशाखापट्टनम अमृतसर ट्रेन नंबर 18507 एवं 18508 को 4 दिन वाह्या प्रयागराज चलाने की मांग

रायगढ़ के नागरिक कैसे करें कुंभ स्नान

रायगढ़। छत्तीसगढ़ का पूर्वी सीमांत जिला रायगढ़ उत्तरी सीमांत जिला जशपुर और संलग्न राज्य उड़ीसा की धर्म प्रेमी जनता प्रयागराज में कुंभ स्नान और तीर्थाटन हेतु जाना तो चाहती है परंतु यात्री गाड़ियों की अनुपलब्धता और बिलासपुर दुर्ग से उपलब्ध यात्री गाड़ियों में लंबी वेटिंग लिस्ट के कारण मन मसोसकर रह जाती है।उनके लिए ना तो रेल मार्ग में पर्याप्त साधन हैं ना ही वायु मार्ग और ना ही सड़क मार्ग पर यातायात के साधन तब कैसे करें कुंभ स्नान। छत्तीसगढ़ चेंबर ऑफ कॉमर्स रायगढ़ इकाई ने रेल मंत्री को पत्र लिखकर ट्रेन नंबर 18507/ 8 हीराकुंड एक्सप्रेस को सप्ताह के शेष 4 दिन व्हाया प्रयागराज चलाने का सुझाव देते हुए अपनी मांग रखी है। चेंबर अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल महामंत्री हीरा मोटवानी ने कहा कि हम वर्षों से यह मांग रखते आये हैं कि इस क्षेत्र की जनता को अपने दिवंगत परिजनों के अस्थि विसर्जन हेतु इलाहाबाद जाना होता है जिसमें उन्हें खासी परेशानी का सामना करना पड़ता है।

अब वर्षों बाद आने वाले कुंभ स्नान हेतु भी जाने की इच्छा रखते हुए अधिकांश जनता मजबूर है। आम नागरिकों में बहुत से धर्म प्रेमी अपने निजी वाहन या किराए के वाहन करके सड़क मार्ग से किसी तरह वहां पहुंच रहे हैं परंतु यह सुविधा प्रत्येक जन सामान्य को उपलब्ध नहीं है। लोग इतने सक्षम नहीं है कि वह इस प्रकार की व्यवस्था से कुंभ स्नान हेतु प्रयागराज पहुंच सके।

बॉक्सिंग प्रतियोगिता में जिले के आशीष ने जीता गोल्ड

रायगढ़। जिले के बरमकेला ब्लॉक के एक छोटे से ग्राम झीकी पाली के रहने वाले शिक्षक का बेटा बॉक्सिंग प्रतियोगिता में अपना परचम लहराया है। बॉक्सिंग में स्वर्ण पदक प्राप्त कर आशीष साहु रायगढ़ जिले का नाम रोशन किया। आशीष साहु पिता जुगेन्द्र साहु माता श्रीमती रीना साहु गाँव झिकीपाली,तह . बरमकेला ,जिला रायगढ जो केन्द्रीय विद्यालय बिलासपुर कक्षा 11वीं का छात्र है । 14वां छग राज्य स्तरीय बाक्सिंग चैम्पियनशिप प्रतियोगिता में 50 किलो जूनियर केटेगरी में भिलाई के फाइनल में मनोज कुमार को हराकर स्वर्ण पदक विजेता है।

नियमों की अनदेखी पर दो उद्योगों को नोटिस

रायगढ़ । पर्यावरण विभाग द्वारा जिले के दो उद्योगों को नोटिस जारी करते हुए 15 दिन के भीतर जवाब मांगा है और जवाब नहीं देने की स्थिति में उनके उद्योग के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की चेतावनी देते हुए उद्योग को बंद करने की भी बात कही है। इस संबंध में जिले के पर्यावरण अधिकारी आरके शर्मा ने बताया कि हाल ही में कलेक्टर के आदेश के बाद उद्योगों की जांच के दौरान एसकेएस व मां काली उद्योग के भीतर पर्यावरण नियमों की अनदेखी करना पाया गया था और जांच के दौरान उद्योग प्रबंधन की घोर लापरवाही के चलते इलाके में प्रदूषण की मात्रा भी ज्यादा पाई गई थी जिसके चलते दोनों उद्योग के खिलाफ नोटिस जारी किया।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com

Social Justice Union

Registered with Govt. No. 5526

Join SJU

अधिकार से न्याय तक

आवश्यकता

इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं मार्केटिंग बोर्ड के सदस्यों कृ0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी ठाकुरने एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जायेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य साथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जायेगा।

उद्देश्य एवं नियुक्तियां

मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जायेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जायेंगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तों का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।

मुख्य बिन्दु

प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जायेगी।

पीड़ित संपर्क करें

संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।

अन्य बिन्दु

- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश में महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जायेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जायेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जायेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में सफल सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जायेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंतर्राष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जायेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित कराएगा।

पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र

:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001

www.nyaysakshi.com

सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।

Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU

CAREER HINDI & ENGLISH MEDIUM SCHOOL

CAREER SCHOOL

स्थापना दिनांक 1 जुलाई 1996

पिछले 22 वर्षों से लगातार बच्चों के साथ...

ADMISSION OPEN

ENGLISH MEDIUM

For Nuresery to 10th

Topper Students Last Session

Topper Students Last Session

Join CAREER...

Major Facts

1/ Well Qualified Teachers....
2/ A perfact ratio of Techers and Students regarding classes...
3/ Complete Caring Atmosphere.
4/ Good and Equipped Class rooms....
5/ Value based education like daily classes for Logical Maths, G.K.,English Grammar....
6/ CCTV equipped School...
7/ Scientific and Cultural Activities Every Saturday....
8/ And above all Attention on Each and Every Student of the School....

CAREER SCHOOL
ENGLISH MEDIUM
BEHIND STADIUM STREET
RAIGARH C.G.
07762-221359

तत्काल आवश्यकता है

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र हेतु कम्पयूटर ऑपरेटर, सर्वे करने के लिए, बंडल कार्य हेतु, एवं रिपोर्टर/संवाददाता रायगढ़ एवं जशपुर जिले के लिए तत्काल चाहिए ... संपर्क करें...

न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग.
मो. नं. 9039961090

ऑफसेट प्रिंटिंग - न्यूज पेपर प्रिंटिंग

वेस्ट जर्मनी की ऑफसेट मशीन *हेडलबर्ग* से 4 कलर की सभी तरह की प्रिंटिंग होती है। प्रिंटिंग जॉब हेतु सम्पर्क करें....

न्यायसाक्षी प्रिंटर्स एण्ड प्रेस
श्रीराम कॉलोनी, स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़ छ.ग. मो. नं. 9589876400

न्यायसाक्षी समाचार- पत्र की खरसिया, सारंगढ़, पुसौर, मनार, घरघोड़ा, धरमजयगढ़, पत्थलगांव लुड़ेग, कांसाबेल, कुनकुरी, जशपुर एवं आसपास के क्षेत्रों में एजेंसी देना है, तत्काल संपर्क करें।

स्टेडियम के पीछे, कैरियर स्कूल के पास, रायगढ़, छ.ग.
संपर्क करें मो.नं. 9039961090

स्वामी, मुद्रक प्रकाशक तथा संपादक सी.बी.वर्मा द्वारा न्यायसाक्षी प्रिंटर्स, प्लॉट नं. 327, वार्ड नं. 24, श्रीराम कॉलोनी स्टेडियम के पीछे रायगढ़ से मुद्रित एवं प्रकाशित फोन 07762-221359 पी.आर.बी. अधिनियम के तहत् खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार ई-मेल - nyaysakshi@gmail.com- www.nyaysakshi.com RNI NO :- CHHHIN/2018/76480